पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से फिल्म कलाकार ओमपुरी ने भेंट की

लखनऊः 13 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में फिल्म कलाकार श्री ओमपुरी ने मुलाकात की तथा अपनी फिल्म 'हो गया दिमाग का दही' की सी0डी0 व ब्रोशर भेट किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री सुनील भारती व श्री प्रभात रंजन दीन भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने श्री ओमपुरी सहित अन्य अतिथियों को पुस्तक 'राजभवन उत्तर प्रदेश के पक्षी' भेंट की।

राज्यपाल ने अण्डमान की सेल्यूलर जेल में दिखायी जाने वाली लाइट एण्ड साउण्ड डाक्यूमेंट्री में बैकग्राउण्ड साउण्ड के रूप में श्री ओमपुरी द्वारा अपनी सशक्त आवाज देने की सराहना की। राज्यपाल ने बताया कि वे आज रेजीडेंसी देखने गये थे जहाँ उन्होंने डिजिटल पद्धति से लाईट एण्ड साउण्ड कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में कलाकारों की दृष्टि से भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय अकेली ऐसी संस्था है जो नृत्य एवं संगीत की विधाओं का शिक्षण प्रदान करती है। उन्होंने संगीत विश्वविद्यालय के विकास के लिए तथा नवोदित कलाकारों को उचित प्रशिक्षण एवं अवसर दिलाये जाने के लिए किये जा रहे अपने प्रयासों के बारे में उनसे चर्चा की। भेंट के दौरान राज्यपाल ने श्री ओमपुरी को भारत के संविधान की मूल सुलिखित प्रतिलिपि (हिन्दी संस्करण) भी दिखाया।